दृष्टि The Vision

प्रीलिम्स फैक्ट्स: 09 अप्रैल, 2019

- विश्व होम्योपैथी दिवस (World Homeopathy Day)
- धनुष: स्वदेशी बोफोर्स
- इंडिया रैंकिंग्स- 2019

विश्व होम्योपैथी दिवस (World Homeopathy Day)

विश्व होम्योपैथी दिवस पर केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (Central Homoeopathic Research Council (CCRH) द्वारा 9-10 अप्रैल, 2019 को नई दिल्ली के डॉ. अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में दो-दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

- केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (CCRH) आयुष मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त अनुसंधान संगठन है।
- होम्योपैथी के संस्थापक डॉ. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सेमुएल हनीमैन के जन्मदिवस पर हर साल 10 अप्रैल को विश्व होम्योपैथी दिवस आयोजित किया जाता है।
- इस अवसर पर होम्योपैथी के क्षेत्र में असाधारण कार्यों को मान्यता देने के उद्देश्य से होम्योपैथी से संबंधित आयुष पुरस्कार, जिसमें लाईफ टाइम अचीवमेंट, बेस्ट टीचर, युवा वैज्ञानिक और सर्वश्रेष्ठ अनुसंधान शामिल हैं, प्रदान किया जाएगा।
- इस बार विश्व होम्योपैथी दिवस पर 24 छात्रों को होम्योपैथी के क्षेत्र में अल्पकालिक छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्रवृत्तियाँ प्रदान की जाएंगी और चार छात्रों को 'होम्योपैथी में क्वालिटी एम.डी. डिसर्टेशन' (Quality MD Dissertation in Homoeopathy) के लिये छात्रवृत्तियाँ प्रदान की जाएंगी।

धनुष: स्वदेशी बोफोर्स

हाल ही में आयुध निर्माणी बोर्ड (Ordnance Factory Board- OFB) ने स्वदेशी तकनीकी से निर्मित छह धनुष तोपों की पहली खेप सेना को सौंपी। जबलपुर के गन कैरिज फैक्ट्री में एक समारोह में ये तोपें सौंपी गईं।

- 'धनुष' 1980 के दशक में खरीदे गए स्वीडिश बोफोर्स तोप की स्वदेशी रूप से विकसित उन्नत तोप है।
- इस स्वदेशी धनुष तोप के सेना में शामिल होने से भारत की आर्टिलरी गन के लिये दूसरे देशों पर निर्भरता समाप्त हो जाएगी।
- रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस तोप का लगभग 81% तक स्वदेशीकरण पहले ही किया जा चुका है।
- 2019 के अंत तक तोप का स्वदेशीकरण स्तर 91% हो जाएगा।
- धनुष तोप का निर्माण गन कैरिज फैक्ट्री की एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

धनुष: Dhanush

- धनुष एक 155 मिमी, 45-कैलिबर वाली तोप है जिसकी रेंज 36 किमी. है और इसमें विशेष गोला बारूद के साथ 38 किमी. की रेंज प्रदर्शित की गई है।
- यह मौजूदा 155 मीटर, 39 कैलिबर बोफोर्स FH 77 तोप का उन्नत संस्करण है।

इंडिया रैंकिंग्स- 2019

हाल ही में राष्ट्रपति ने नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में इंडिया रैंकिंग्स- 2019 जारी की। साथ ही संस्थानों की उनके नवाचार उपलब्धियों पर अटल रैंकिंग (Atal Ranking of Institutions on Innovation Achievements- ARIIA) भी जारी की गई।

- यह रैंकिंग मानव संसाधन विकास मंत्रालय (Ministry of Human Resource Development- MHRD) के नेशनल इंस्टिट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) के तहत जारी की गई।
- इंडिया रैंकिंग्स के तहत विभिन्न वर्गों में सर्वोच्च आठ संस्थानों को पुरस्कार प्रदान किया गया।
- नवाचार उपलब्धियों संबंधी अटल रैंकिंग के तहत सर्वोच्च दो संस्थानों को पुरस्कार प्रदान किया गया।
- रैंकिंग की घोषणा कई श्रेणियों जैसे- ओवरऑल, यूनिवर्सिटी, इंजीनियरिंग, कॉलेज, मैनजमेंट, फार्मेसी, मेडिकल, आर्किटेक्चर और लॉ में की गई।
- NIRF कई मानकों के आधार पर रैंकिंग प्रदान करता है। जैसे पढ़ने-पढ़ाने का माहौल, अनुसंधान और विकास के लिये सुविधाएँ आदि।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-09-04-2019